प्रेषक,

**निदेशक (प्रशासन एवं विकास),**
पशुपालन विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

**निदेशक,**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
5–पार्क रोड, लखनऊ, उ0प्र0।

संख्याः /स्था0–1/एल0एस0, दिनांकः 03.5.19

**विषयः** **दि0 28 अप्रैल, 2019 को अमर उजाला एवं अन्य समाचार पत्रों में प्रकाशित तथाकथित विज्ञप्ति संख्या–प0वि0मि0/प0मि0/प0स्वा0का0/ जि0स0(2019–2021)1/2(17.3.2019) के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अमर उजाला एवं अन्य समाचार पत्रों में दि0 28.04.19 को प्रकाशित विज्ञापन (विज्ञप्ति संख्या–प0वि0मि0/प0मि0/प0स्वा0का0/जि0स0(2019–2021)1/2(17.3.2019) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा तथाकथित रूप से विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। (प्रति संलग्न)

इस संबंध में स्पष्ट कराना है कि **दि0 28.04.2019 को प्रकाशित उक्त विज्ञापन/विज्ञप्ति एवं विज्ञापन में अंकित वेबसाइट (https//:www.pashumitra.in) का पशुधन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन/पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश/उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद से कोई संबंध नहीं है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रकरण में शासन/निदेशालय पर विभिन्न स्तरों से प्राप्त हो रही शिकायतों/कॉल्स/जिज्ञासाओं के निवारणार्थ, अमर उजाला एवं अन्य प्रमुख समाचार पत्रों में उपरोक्त आशय की सूचना/घोषणा (Declaration) का प्रकाशन कराने का कष्ट करें। ताकि चुनाव अधिसूचना काल में प्रकाशित इस प्रकार के तथाकथित/भ्रामक विज्ञापनों से राज्य सरकार/विभाग की छवि धूमिल न हो और सामान्य नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**संलग्नकः** यथोपरि।

भवदीय,

**(डा0 चरण सिंह यादव)**
निदेशक
प्रशासन एवं विकास।

संख्याः 2220/स्था0–1/एल0एस0, दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सम्पादक, अमर उजाला, लखनऊ।
2– श्री नवीन कुमार गुप्ता, कम्प्यूटर सुपरवाइजर, मुख्यालय को इस निर्देश के साथ कि विभागीय वेबसाइट पर उक्त भ्रामक विज्ञापन का खंडन संबंधी पत्र अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3– मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उ0प्र0पशुधन विकास परिषद, बादशाह बाग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उ0प्र0पशुधन विकास परिषद की वेबसाइट पर उक्त भ्रामक विज्ञापन/विज्ञप्ति का खंडन करने का कष्ट करें।
4– प्रमुख सचिव, पशुधन, उ0प्र0शासन, लखनऊ को उनके पत्रांक–2260/पीएसएएच/2019 दि0 29.04.2019 के क्रम में।

**(डा0 चरण सिंह यादव)**
निदेशक
प्रशासन एवं विकास।

amarujala.com
अमर उजाला 5
लखनऊ रविवार, 28 अप्रैल 2019

...क खबरें 'जरा इधर भी' में Lucknow.amarujala.com पर

# पशुधन विकास मिशन

(पंजीकृत स्वायत्त न्यास)

निशुल्क प्रशिक्षण एवं सीधी भर्ती योजनान्तर्गत

विज्ञप्ति सं.– प.वि.मि./प.मि./प.स्वा.का./वि.स.(2018–2021) 1/2 (17-3-2019)

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों से ग्रामीण पृष्ठभूमि के ऐसे उत्साही और ऊर्जा से भरपूर युवक/युवतियों की जो कृषि एवं पशुपालन से जुड़े कार्यकलापों में पशुधन विकास मिशन का साझीदार बनकर कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में औद्योगिक क्रान्ति के सूत्रधार बन सकें।

आवेदन हेतु पद एवं पात्रता

आवेदन हेतु पुनर्निर्धारित अन्तिम तिथि 31 मई 2019

| पद | आयु | शैक्षणिक योग्यता | कुल पद | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| जिला समन्वयक | 25–40 वर्ष | स्नातक/समकक्ष | 75 | 15000 रू./– प्रतिमाह |
| पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता | 18–40 वर्ष | कक्षा 10 उत्तीर्ण/ समकक्ष | 822 | 12000 रू./– प्रतिमाह |
| पशुमित्र/कृत्रिम गर्भाधानकर्ता | 18–40 वर्ष | कक्षा 8 उत्तीर्ण/ समकक्ष | 8135 | 8000 रू./– प्रतिमाह |

विशेषः– आवेदन पशुमित्र एप पर भी किया जा सकता है।

1. आवेदन के समय आयु एवं शैक्षणिक योग्यता संबन्धी शर्त पूर्ण करना आवश्यक है।
2. आवेदन के उपरान्त समस्त आवेदित अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता/अधिमानी योग्यता एवं प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर शार्ट लिस्ट करते हुए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
3. चयन के उपरान्त समस्त चयनित अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित 150 कार्यदिवस का प्रशिक्षण प्राप्त करना अति आवश्यक है जो पशुधन विकास मिशन द्वारा निर्धारित केन्द्र/केन्द्रों पर पूर्णतया निशुल्क कराया जाएगा एवं प्रशिक्षण के उपरान्त ही नियुक्ति संभव होगी।

नियुक्ति पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं अधिक जानकारी के लिए लॉगिन करें

**https// : www.pashumitra.in**